देखो जी हनुमान आया भजन लिरिक्स

दिखने में वो भयंकर,
ताकत में है धुरंधर,
भूचाल आया,
देखो जी हनुमान आया,
रघुवर का वो सिकन्दर,
झट उड़ता है फुर्र फर्र,
भूचाल आया,
देखों जी हनुमान आया।bd।

तर्ज – मैं निकला गड्डी लेके।

पहले तो पास बुलाता है,
फिर बातों में उलझाता है,
और बातों में उलझाकर के,
फिर मोटी मार लगाता है,
एक मोटा, एक तगड़ा,
लंका में, पहलवान आया,
देखों जी हनुमान आया।bd।

वो सागर लांघ के आया है,
आकर हुडदंग मचाया है,
भगदड़ माची सब सोच रहे,
कैसे लंका में आ गया है,
यहाँ लाओ, मुझे दिखाओ,
लंका में, कौन शैतान आया,
देखों जी हनुमान आया।bd।

फिर मेघनाद बुलवाकर के,
उन्हें ब्रम्हपाश में जकड़ाया,
यूं पूंछ मरोड़ी हनुमत ने,
रावण का कलेजा थर्राया,
आंखों में, है ज्वाला, मतवाला,
ऐसा बलवान आया,
देखों जी हनुमान आया।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

दिखने में वो भयंकर,
ताकत में है धुरंधर,
भूचाल आया,
देखो जी हनुमान आया,
रघुवर का वो सिकन्दर,
झट उड़ता है फुर्र फर्र,
भूचाल आया,
देखों जी हनुमान आया।bd।

गायक / प्रेषक – मुकेश कुमार जी।
9660159589

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com